नईदुनिया
इंदौर, मंगलवार 27 अप्रैल, 2021

## न्यूज गैलरी

### दो ट्राली लकड़ियां पहुंचाई मुक्तिधाम

रतलाम। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मैं कोरोना वालेंटियर अभियान से जुड़कर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा था की सरकार और समाज के सहयोग से कोरोना की लड़ाई जीतना है। इसी बात को ध्यान में रखकर प्रहलाद पुत्र बालकिशन राठौड़ निवासी लक्ष्मी नगर द्वारा करमदी विकास समिति के सहयोग से मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए दो ट्राली लकड़ी का दान किया गया। इसमें एक ट्राली लकड़ी ग्राम करमदी के मुक्तिधाम और दूसरी रतलाम स्थित त्रिवेणी मुक्तिधाम पर दान की गई। इसमें करमदी के पीरूलाल खराड़ी, अंबालाल निनामा, अनिल निनामा, पंकज भूरिया, जितेंद्र राव ने पहुंचाई।

## त्रिवेणी मुक्तिधाम पहुंचाई लकड़ियां

भास्कर 27.4.21



रतलाम | त्रिवेणी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार बढ़ गए हैं। इसे देखते हुए लक्ष्मीनगर निवासी प्रहलाद पिता बालकिशन राठौड़ ने एक ट्रॉली लकड़ी मुक्तिधाम पहुंचाई। साथ ही करमदी मुक्तिधाम में लकड़ियां पहुंचाई। करमदी विकास समिति के सहयोग से लकड़ियां पहुंचाई। करमदी के पीरूलाल खराड़ी, अंबालाल निनामा, अनिल निनामा, पंकज भूरिया, जितेंद्र राव ने पहुंचाई।

डॉ. भास्कर

27-4-2021

# हनुमान जयंती पर नहीं होंगे कोई भी भव्य आयोजन मंदिरों में सिर्फ अभिषेक एवं पूजन पाठ होगा



आलोट। आज मंगलवार को नगर और क्षेत्र में हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा कोरोना गाइडलाइन के तहत सभी धार्मिक आयोजनों पर प्रतिबंध है जिसके चलते किसी भी मंदिर पर कोई भव्य आयोजन नहीं किया जाएगा परंतु सभी दूर हनुमान जी की आरती पूजन एवं प्रार्थना की जाएगी प्रतिवर्ष खेड़ापति हनुमान

भगवान हनुमान इस महामारी से क्षेत्र ही नहीं पूरे देश को मुक्ति दिलाए नगर में सोशल मीडिया के माध्यम से सभी हनुमान भक्तों से सभी नगर वासियों से निवेदन किया गया है कि वे अपने अपने घरों में हनुमान चालीसा का पाठ रात्रि 8:00 बजे एक साथ करें जिससे इस महामारी से मुक्ति मिल सके नगर के सभी मंदिरों में कल

# रतलाम: पीपीई किट में लिए सात फेरे



रतलाम. कोरोनाकाल में रतलाम की एक शादी अनोखे अंदाज में हुई। यहां दुल्हा-दुल्हन ने पीपीई किट पहनकर सात फेरे लिए। गांधीनगर स्थित इस मैरिज हॉल में पंडित से लेकर शामिल सभी लोग पीपीई किट में नजर आ रहे थे। दरअसल आकाश पिता श्यामलाल की शादी संजना पिता हरिशंकर वर्मा से तय हो गई थी। शादी 26 अप्रेल को होनी थी, लेकिन 14 अप्रेल को आकाश संक्रमित हो गया। आकाश के क्वारंटीन के 14 दिन पूरे नहीं हो रहे थे और परिवार के बुजुर्ग की गंभीर स्थिति को देखते हुए शादी भी टालना मुश्किल था। इसके बाद पीपीई किट में शादी करने का निर्णय लिया गया।

पत्रिका 27-4-2021

# एक विवाह ऐसा भी: रतलाम में पॉजिटिव दूल्हे ने पीपीई किट पहनकर लिए सात फेरे



भास्कर न्यूज़ | रतलाम. देशभर में लॉकडाउन, अस्पताल, ऑक्सीजन के लिए मची भागमभाग के बीच रतलाम में सोमवार को एक अनूठा विवाह देखने को मिला। जवाहर नगर स्थित नूरी हॉल में पॉजिटिव दूल्हे ने निगेटिव दुल्हन संग पीपीई किट पहनकर अग्नि के सात फेरे लिए। दरअसल, परशुराम विहार निवासी युवक की महेश नगर निवासी युवती से सोमवार को शादी होने थी। परिवार ने इसकी जिला प्रशासन से अनुमति भी ले ली थी, लेकिन 19 अप्रैल को दूल्हा कोरोना

## बुजुर्ग की हालत नाज़ुक, इसलिए शादी जरूरी थी

परिजन ने बताया परिवार के एक बुजुर्ग जो कि दिल के मरीज हैं, उनकी स्थिति गंभीर है। शादी करना जरूरी है। लंबी जद्दोजहद के बाद भी जब कोई रास्ता नहीं निकल पाया तो अधिकारियों ने दूल्हा-दुल्हन और पूरे परिवार को पीपीई किट पहनाकर

चिकित्सा क्षेत्र की धरोहर

# मिशन हॉस्पिटल को अधिपत्य में लेकर कोविड अस्पताल बनाया जाए

रतलाम ● स्वदेश समाचार






एक समय चिकित्सा के लिए मशहूर रहा मिशन (क्रिश्चियन) हॉस्पिटल आज खण्डर में तब्दील हो गया है। ईसाई मशनरी द्वारा यह हॉस्पिटल वर्षों तक संचालित किया गया। बताते है कि राजशाही के जमाने में अस्पताल के लिए यह भूमि उपलब्ध करवाई गई थी। इस अस्पताल के साथ ही नर्सेस होस्टल, स्कूल तथा अन्य गतिविधियां भी यहां संचालित होती थी, लेकिन समय के साथ और आर्थिक अभाव में यह अस्पताल आज खण्डर के रूप में तब्दील हो गया है।

## अस्पताल में कई कमरे, पलंग भी

आज जबकि रतलाम में कोरोना महामारी का प्रकोप है, मेडिकल कॉलेज व अन्य कोविड हॉस्पिटल में मरीजों के लिए स्थान नहीं है, ऐसे में इस मिशन हॉस्पिटल को अधिपत्य में लेकर इस धरोहर को सुरक्षित करना चाहिए और कोविड हॉस्पिटल के रूप में इसका उपयोग करना चाहिए। इस अस्पताल में कई कमरें है, पलंग भी है और अन्य सुविधाएं भी। जनसहयोग से या कुछ सामाजिक संस्थाओं की मदद से इस अस्पताल को ठीक किया जाना चाहिए ताकि बिना विशेष अधिक खर्चे के यह धरोहर सुरक्षित हो सके, साथ ही चिकित्सा के लिए भी इसका उपयोग हो सके।

## डॉक्टरों के निधन के बाद हॉस्पिटल बंद हो गया

एक सज्जन ने बताया कि 1965 में हॉस्पिटल में नामी डाक्टर हुआ करते थे, जिनमें एशिया के श्रेष्ठ ह्दयरोग चिकित्सक भी शामिल थे। यहां एक्सरे मशीन, आधुनिक आपरेशन थियेटर भी था, जिसका संचालन ईसाई मशनरी द्वारा किया जाता था। धीरे-धीरे सबकुछ खत्म होता गया, कई डॉक्टरों के निधन के बाद हॉस्पिटल बंद हो गया। यदि नष्ट होती इस धरोहर को ठीक-ठाक किया जाए तो शहर के बीच लोगों को चिकित्सा सुविधा पुनः मिलना शुरू हो जाएगी।

लगभग 150 से अधिक लोगों ने फेसबुक पर इस विषय को उठाने पर समर्थन किया है और सुझाव को भी पसंद किया है तथा कहा कि एक समय ऐसा था कि इस अस्पताल की सेवाओं को देखते हुए कोई मरीज दूसरी जगह जाता ही नहीं था। आसपास के जिलों से भी मरीज इस अस्पताल में उपचार करवाना पसंद करते थे। प्रशासन को चाहिए कि वह इस अस्पताल परिसर का सद्पयोग करें तथा सामाजिक संस्थाओं का आव्हान करें कि वह इस धरोहर को सुविधा जनक बनाने में अपना योगदान दे। विधायक और सांसद निधि से भी इस पर राशि खर्च की जाना चाहिए। यदि इसका सद्पयोग होता है तो शायद ईसाई समाज भी आगे आकर इस प्रस्ताव का समर्थन ही करेगी।

# नहीं हो रही नियमित सफाई



आबकारी कंपाउंड में कचरा पेटी के बाहर फैली गंदगी। नईदुनिया 27/5/21

रतलाम। कोरोना संक्रमण के दौर में शहर में कई स्थानों पर नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। कचरा एकत्र करने के लिए जगह-जगह कंटेनर तो रख दिए हैं, लेकिन कंटेनर भरने के बाद भी कचरा नहीं उठवाया जा रहा है। इससे रहवासी परेशान हो रहे हैं। शहर सराय आबकारी कंपाउंड में नगर निगम ने कचरा संग्रहण के लिए पेटी रखी है, लेकिन इसे नियमित

## 238 मरीजों को मेडिसीन किट का वितरण

रतलाम ● कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजों को मेडिसीन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजों के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र से होम आईसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 283 मेडिसीन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 238 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 11 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 17 मरीजों के कॉन्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाए गए तथा 4 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 11 मरीजों को पूर्व से ही मेडिसीन किट प्राप्त होना पाया गया।

27-4-21

## होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम. कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजों के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान करने का क्रम जारी है। सोमवार तक करीब 400 मरीजों को दवाएं दी जा चुकी है। ई-दक्ष केन्द्र से को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 400 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। 400 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 11 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 17 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 4 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 11 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

27-4-2021

## 155 होम आइसोलेट मरीजों तक पहुंचाई मेडिसिन किट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

27-4-2021

नगर निगम अमले ने सोमवार को 155 होम आइसोलेट मरीजों तक मेडिसिन किट पहुंचाई। ई-दक्ष केंद्र से 189 मरीजों की सूची मिली थी। वार्ड वार बने दलों ने इनमें से 155 मरीजों को मेडिसिन किट दी।

10 मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती मिले, जबकि 9 पते और कॉन्टेक्ट नंबर गलत पाए गए। 8 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर के निकले। उधर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मेडिकल कॉलेज में महावीर व मालवा ऑक्सीजन प्लांट से सिलेंडर भरकर पहुंचाने के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी है। नई व्यवस्था में सचिन सिलावट सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक, मनोज राठौड़ दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक, बसारत अली शाम 6 से रात 12 बजे तक तथा संदीप जोशी रात 12 से सुबह 6 बजे तक पर्यवेक्षण करेंगे। उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर का काम गंभीरता से करने का कहा है।

27-4-2021

27-4-2021

## होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण, 238 मरीजो को किया मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 283 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई।

**संगठन के कहने पर रख दिया रिश्तेदारों को नौकरी पर**

# कलेक्टर के निर्देश पर कर्मचारी संगठन की जांच शुरू

**लगातार**



**पत्रिका**

पत्रिका में प्रकाशित



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 27-4-2021

**रतलाम.** नगर निगम में संघर्ष समिति के नाम से काम करने वाले संगठन की शिकायत राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन ने संभाग आयुक्त से लेकर कलेक्टर को की है। मामले में कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को जांच के लिए कहा है। कलेक्टर व प्रशासक के निर्देश के बाद आयुक्त ने जांच के लिए दल का गठन किया है। आरोप है कि संगठन ने अपने रिश्तेदारों को नौकरी पर संगठन का उपयोग करते हुए रखवा दिया।

जो शिकायत की गई है उसमें इस बात का उल्लेख है कि संगठन को अवैध रुप से संचालित किया जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने अपने करीबी रिश्तेदारों को सफाई कर्मचारी से लेकर वार्डों में दारोगा बना दिया गया है। जबकियह कर्मचारी काम पर आते ही नहीं है। शिकायत में उन कर्मचारियों के नाम भी लिखे गए है जो कर्मचारी संगठन के नेताओं के रिश्तेदार होकर नौकरी पर लगे है।

## वार्ड से लेकर दारोगा तक

शिकायत के अनुसार कुछ कर्मचारी किराना दुकान तो कुछ ऑटो चलाने का काम कर रहे है। जबकि नगर निगम उनकी पूरी हाजरी लगा रहा है। इन कर्मचारियों में बसंत चौहान, साधना खरे, नरेंद्र खरे, आरती खरे, संगीता भाटी, रोहित भाटी, डाली भाटी, रामलाल कल्याणे, विनय कल्याणे, राहुल निधाने आदि शामिल है जो एक ही परिवार के सदस्य है। इस मामले में संगठन के अध्यक्ष राम कल्याणे ने पूरी शिकायत को गलत बताया है।

## जांच के लिए दल बनाया

मामले में शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों को हुई थी। निर्देश मिलने के बाद जांच के लिए दल बनाया गया है। एक पखवाड़े में जांच के लिए कहा गया है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
27-4-2021

# हर दिन बढ़ रही संक्रमितों की संख्या ने किया चिंतित

## सोमवार को 299 नए मरीज मिले और पांच की मौत, रतलाम को आज मिलेगी 336 रेमडेसिविर की खेप

रतलाम। जिले में कोरोना संक्रमण की भयावह स्थिति निर्मित हो गई है। हर दिन संक्रमितों की संख्या नए रिकार्ड बना रही है। सोमवार को 299 नए मरीज मिले। कुल छह मौत हुई। इसमें एक मृतक झाबुआ जिले से है। 233 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 1509 है। रतलाम को मंगलवार को 336 रेमडेसिविर इंजेक्शन की खेप मिलेगी।

मालूम हो कि जिले में अभी तक 9706 मरीज मिल चुके हैं। इनमें से 8021 स्वस्थ हुए हैं और 176 की मौत हो चुकी है। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी 1300 से ज्यादा बनी हुई है। जिले में लोगों के स्वास्थ्य की जांच का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। सैंपलिंग बढ़ाने के बाद कुछ दिनों में पाजिटिविटी रेट कम होने की उम्मीद है।



काश्यप सभागार में टीका लगवाने के लिए पंजीयन कराते हुए हितग्राही। • नईदुनिया 27-4-21



रतलाम के दो बत्ती चौराहा पर तैनात पुलिस जवान। • नईदुनिया

**89 नान आक्सीजन बेड खाली**

मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज में 58 नए मरीज भर्ती हुए। सोमवार की स्थिति में मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56 सभी फुल है। एचडीयू में 172 बेड सभी फुल है। आक्सीजन बेड 120 सभी फुल है। नान आक्सीजन बेड 202 में से 113 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 461 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती है इनमें 292 पाजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। कुल पाजिटिव डेथ छह हुई हैं। इनमें पांच रतलाम, एक झाबुआ के पाजिटिव शामिल हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 89 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके स्वजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

**233 लोग स्वस्थ होकर घर लौटे**

कोरोना से संक्रमित 233 लोगों को सोमवार को स्वस्थ होने की खुशी मिली। इन्हें स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। मेडिकल कालेज रतलाम से 37 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। इसी प्रकार होम आइसोलेशन से 165 व्यक्तियों को निगेटिव रिपोर्ट आने के

स्थित श्रद्धा हास्पिटल से तीन व्यक्ति को डिस्चार्ज किया गया। रेलवे हास्पिटल से चार व्यक्तियों, नवीन कन्या परिसर से तीन तथा अन्य सेंटर से 21 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। डिस्चार्ज होने के बाद इन सभी ने कोविड निर्देशों का पालन करने, अपने परिचितों, स्वजनों को मास्क लगाने, पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का

**84 केंद्रों पर 2480 लोगों का लगाए टीके**

रतलाम। जिले में सोमवार को 81 केंद्रों पर टीकाकरण किया गया। इसमें कुल 2480 लोगों को कोविड-19 का टीका लगाया गया। जिले के बाल चिकित्सालय में सर्वाधिक 671 लोगों को टीके लगाए गए। सिविल हास्पिटल जावरा में 220 तथा कम्युनिटी हाल

लगवाए। जैन काश्यप सभागृह में 130 लोगों को टीके लगाए गए। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि रतलाम जिले में अब तक एक लाख 39 हजार 706 डोज लगाए जा चुके हैं। इसमें 18 हजार 438 लोगों को कोविड का दूसरा टीका लगाया जा चुका है।

**आज भी लगेंगे टीके**



सुरक्षित रहने के तीन नियम है। मुंह पर हमेशा मास्क लगाएं। दूसरों से उचित दूरी बनाकर रखें। थोड़े-थोड़े अंतराल में अपने हाथ धोते रहें। कोविड-19 नियमों का कड़ाई से पालन करें। - **अभय कोठारी, जावरा**



कोरोना की दूसरी लहर बेहद घातक है। कोरोना तब तक आपके घर नहीं आएगा, जब तक आप उसे लेने खुद बाहर नहीं निकलते। मास्क का उपयोग करें। भीड़ से दूर रहें। अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकले। - **सुफल दसेड़ा, जावरा**



कोरोना महामारी की दूसरी लहर से निपटने के लिए हमें भी गंभीर होना चाहिए। सभी पात्र लोगों को कोरोना के टीके लगवाना जरूरी है। घर से बाहर निकलने पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाना है। - **डा. राहुल यादव, सैलाना**



कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। लापरवाही भारी पड़ती जा रही है। जरूरी काम से घर से बाहर निकलते वक्त मास्क जरूर पहने और शारीरिक दूरी के नियम का कड़ाई से पालन करें। - **माया मेहता, एनसीसी अधिकारी, शा कन्या हासे स्कूल सैलाना**



हमें आत्मबल मजबूत रखते हुए शासन- प्रशासन की गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन करना होगा। मास्क लगाने के साथ दो गज की दूरी का पालन ही बचाव का सशक्त माध्यम है। - **संदीप रांका, राष्ट्रीय मंत्री, जैन कांग्रेस युवा शाखा नई दिल्ली**



कोरोना के कारण कई लोगों का अल्पायु में निधन हो गया है। समझदार को सीख लेना चाहिए। कई लोग सावधानी बरतने के बाद भी संक्रमित हो गए हैं। इसलिए हमें और ज्यादा सुरक्षित तरीके से रहना चाहिए। **-मोहनसिंह राठौर, शेरपुर**



कोरोना महामारी भयावह स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे समय में कई लोग मास्क नहीं लगा रहे है। सामाजिक दूरी का पालन नहीं कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है मास्क पहनिएं। वैक्सीनेशन कराएं। घर में रहें, सुरक्षित रहें। आप अपने घर के सदस्यों के लिए बहुमूल्य है। - **गजेंद्र वर्मा, विभाग सेवा प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ**

चिकित्सालय में 45 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति जन्म दिनांक दर्शाने वाली आइडी के आधार पर कोविड-19 टीकाकरण करा सकेंगे। जिले के पुराना कलेक्टोरेट में फ्रंटलाइन वर्कर्स को

जाएगा। जबकि प्राइवेट अस्पतालों आरोग्यम हास्पिटल, श्रद्धा हास्पिटल, गीतादेवी हास्पिटल, जैन दिवाकर हास्पिटल, साईं श्री हास्पिटल और आशीर्वाद नर्सिंग होम में सशुल्क टीका

# एक दिन में 299 नए पॉजिटिव, सिर्फ 5 दिन में मिले 1302 केस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

27-4-21

जिले में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को नया रिकॉर्ड बना। एक दिन में सर्वाधिक 299 पॉजिटिव सामने आए। इससे पहले एक दिन में 263 पॉजिटिव मिलने का रिकॉर्ड था। इधर, जिले में कुल संक्रमित का आंकड़ा 9706 पर आ गया है।

जिले में 5 दिन में 1302 मामले सामने आ चुके हैं। लॉकडाउन होने के बावजूद ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। इधर, पॉजिटिव के साथ मौत के मामले भी बढ़े हैं। सोमवार को 5 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ दिया। जिले में अब तक 176 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। 5 दिन में 24 लोगों की कोरोना से मौत हो गई।

### 5 दिन में मिले संक्रमित

| दिनांक | संक्रमित |
|---|---|
| 22 अप्रैल | 235 |
| 23 अप्रैल | 263 |
| 24 अप्रैल | 260 |
| 25 अप्रैल | 245 |
| 26 अप्रैल | 299 |

दै. भास्कर 27-4-2021

# रतलाम में कोरोना संक्रमित मृतकों का आंकड़ा 171 तक पहुंचा

रतलाम ● जिले में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा भी 171 तक पहुंच गया है तथा संक्रमित मरीजों की संख्या भी 9407 तक पहुंच गई है। 766 मरीजों के सैम्पल की रिपोर्ट तथा 433 मरीजों के सैम्पल की रिपोर्ट सुपराटेक से आना शेष है। रविवार को 212 पॉजिटिव भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। कुल पॉजिटिव एक्टिव मरीजों की संख्या अभी 1448 से अधिक है। एक्टिव कंटेनमेंट एरियों की संख्या 2690 तक पहुंच गई है। टेलीमेडिसीन यूनिट द्वारा होम क्वारंटाईन किए गए संदिग्ध की फॉलोअप

की कालाबाजारी के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश के तहत जीवांश हॉस्पिटल के बाहर रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी व धोखाधड़ी कर अवैध रूप से पैसा कमाने के मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने तीन लोगों के विरूद्ध कार्रवाई कर धारा 420,34 भादवि 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया है। इनमें आरोपी उत्सव नायक पिता ईश्वर नायक (25) नि.ग्राम कोदरी पेटलावद, हालमुकाम जीवांश हॉस्पिटल रतलाम, ...

# नागरिक सहयोग और संयम बनाए रखें

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों से कहा है कि कोरोना के खिलाफ हमारा युद्ध जारी है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर स्थिर हुई है। नागरिक कोरोना की रोकथाम में अपना सहयोग और संयम बनाए रखें।



## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने की प्रदेशवासियों से अपील

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रविवार को यहां अपने निवास से प्रदेशवासियों के नाम जारी संदेश में कहा कि यह राहत की बात है कि प्रदेश में अब पॉजिटिविटी रेट कम होता जा रहा है। 22 अप्रैल को यह 24.29 प्रतिशत था जो 25 अप्रैल को 23.01 हो गया। संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या अब स्थिर है। यह 13 हजार के आसपास बनी हुई है जबकि स्वस्थ होकर घर जाने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 19 अप्रैल को यह संख्या 6,836 थी, जो 25 अप्रैल को बढ़कर 11 हजार 324 हो गई।

### अभी बाकी है लंबी लड़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी लंबी लड़ाई बाकी है। सभी के सहयोग से ही पॉजिटिविटी रेट में कमी और रिकवरी रेट में वृद्धि संभव है। कोरोना से लड़ाई घर पर रहकर ही जीती जा सकती है। हमें धैर्य और संयम से हमें इस लड़ाई को लड़ते रहना है।

### ऑक्सीजन और दवा आपूर्ति की कोशिश में कोई कमी नहीं होगी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऑक्सीजन की आपूर्ति लगातार बनी रहे और उसमें वृद्धि हो इसके लिए हरसंभव प्रयास जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और, भारत सरकार का पूरा सहयोग इसमें मिल रहा है। वायुसेना के विमानों से खाली टैंकरों को गंतव्य तक भेजा जा रहा है, ताकि समय बचे और टैंकर भरकर जल्द से जल्द सड़क मार्ग से पहुंचे। ऑक्सीजन रेल से भी आए, इसकी व्यवस्था भी की गई है। रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास जारी है।

### माइक्रो कंटेनमेंट एरिया की नीति लागू होगी

सीएम ने कहा कि गांव या शहर के किसी मोहल्ले में कुछ घरों में संक्रमण है, तो उस क्षेत्र को माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाकर संक्रमण को वहीं समाप्त करना होगा। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए अब माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाने की नीति भी इस लड़ाई में सम्मिलित की जा रही है।

### जनता को राहत के हरसंभव प्रयास जारी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इन कठिनाइयों वाले समय में जीवनयापन के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने तीन महीने का राशन निः शुल्क देने का फैसला किया है। भारत सरकार ने भी मई और जून दो माह का राशन निःशुल्क देने निर्णय लिया है। इसके साथ शहरी और ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स के खाते में भी एक-एक हजार रुपए डालने का निर्णय लिया गया है। किसानों के खाते में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना निधि की एक किस्त भी शीघ्र ही डाली जाएगी। जनता को राहत देने के हरसंभव उपाय लगातार जारी रहेंगे।

### परिजन नहीं जाएं कोरोना वार्ड में

उन्होंने कहा कि पॉजिटिव हुए मरीजों के साथ परिजन अस्पताल आते हैं। इससे परिजनों के संक्रमित होने का खतरा बढ़ता है। कोरोना मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वार्ड में बिल्कुल नहीं जाएं और अपने आप को संक्रमित होने से बचा कर रखें।

### डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ युद्ध के सेनापति हैं, इनका सम्मान करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ कोरोना के विरुद्ध इस लड़ाई के सेनापति हैं। अपनी जान हथेली पर रखकर ये लड़ाई लड़ रहे हैं। इनका मनोबल और हौसला बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्हें उचित सम्मान दें, ताकि ये दुगने उत्साह से संक्रमितों को स्वस्थ कर सकें। उनके साथ अशोभनीय व्यवहार कदापि न करें।

# प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

रतलाम। कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी गोपालचंद्र डाड ने रतलाम के शासकीय मेडिकल कालेज और जिला चिकित्सालय परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश, बिना कारण इधर-उधर घूमते हुए प्रबंधन की व्यवस्था में हस्तक्षेप करने, ड्यूटी पर तैनात स्टाफ के साथ अनावश्यक विवाद कर कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित करने आदि पर नियंत्रण करने के लिए एवं भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य, सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशानुसार शासकीय मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय के आसपास 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों, वाद्य यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जाएगा। शासकीय मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय में मरीज को भर्ती कराते समय बाहरी मेन गेट से दो से अधिक व्यक्तियों या स्वजनों का प्रवेश वर्जित होगा। शासकीय मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय परिसर में शासकीय वाहन, ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, डाक्टर, कर्मचारी के वाहन को छोड़कर किसी भी प्रकार के निजी वाहनों का अंदर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय मेडिकल कालेज व जिला चिकित्सालय रतलाम में किसी भी प्रकार की कोई दुकान, ठेला, फल, चाय की दुकान नहीं लगाई जाएगी। दोनों स्थानों पर कोविड वार्ड संक्रमण की रोकथाम हेतु मरीजों के साथ किसी भी स्वजन को साथ में रहने की अनुमति नहीं होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत दंडनीय होगा।

27-4-21

**मरीजों की लग रही कतार, निजी अस्पताल में भी जगह नहीं, निजी क्लीनिकों पर भी मरीजों की उमड़ रही भीड़**

# बेड फुल मेडिकल कॉलेज आईसीयू फुल, निजी अस्पताल में भी जगह नहीं

## मेडिकल कॉलेज में बिस्तर 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल है, एचडीयू में 172 बेड सभी फुल हैं, ऑक्सीजन बेड 120 सभी पर मरीज हैं, नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 113 पर पेशेंट भर्ती हैं...फिर भी कम नहीं हो रहा संक्रमितों का आंकड़ा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 27-4-2021

रतलाम. शहर के मेडिकल कॉलेज में अब नए मरीजों के लिए आईसीयू में जगह नहीं बची है। हालांकि सोमवार को 233 मरीजों की छुट्टी हुई है, लेकिन नए मरीजों के आने का तांता लगा हुआ है। यहां तक की शहर के निजी अस्पताल में जहां कोरोना का इलाज हो रहा था, वहां मरीजों को चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से स्वस्थ होकर सोमवार को 37 व्यक्ति अपने घर लौटे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि सोमवार को मेडिकल कॉलेज में 58 नए मरीज भर्ती हुए। सोमवार की स्थिति में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 , आईसीयू बेड 56 सभी फुल है। एचडीयू में 172 बेड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 113 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 461 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 292 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। कुल पॉजिटिव डैथ 6 (5 रतलाम, 1 झाबुआ), हॉस्पिटल में रिक्त बेड 89 हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है। मेडिकल कॉलेज से सोमवार को 37 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। इसी प्रकार होम आइसोलेशन से 165 व्यक्तियों को नेगेटिव आने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। शर्मा हॉस्पिटल से 1 व्यक्ति को डिस्चार्ज किया गया। सोमवार को 233 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया।

### कोरोना मरीजों की संख्या पहुंची 10 हजार के करीब



लोकेंद्र टॉकीज तिराहे पर संचालित निजी क्लीनिक पर लगी भीड़।

### 1448 मरीजों की रिपोर्ट आना शेष

जिले में अब कोरोना के मरीजों की संख्या 10 हजार पर पहुंचने को है। बाजार में वे दुकाने जिनको होम डिलेवरी करने के अधिकार है वे ग्राहकों की भीड़ लगाकर सामान दे रहे हैं। यह सब माणकचौक पुलिस थाने के करीब हो रहा है। शहर में सबसे पहला कोरोना का मामला 8 अप्रेल 2020 को आया था, जब लुहार रोड पर एक परिवार के मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव होने के बाद भी शव को शहर में ले आए थे। अब तक करीब 9407 मरीज हो गए है व 171 की मौत हो गई है। जबकि 1448 मरीजों की रिपोर्ट आना शेष है। यहां तक की शहर में कपड़ा से लेकर अन्य कारोबार भी आधी दुकान खोलकर किया जा रहा है।

### निजी क्लीनिकों पर उमड़ी भीड़

कोरोना की वजह से लगाए गए लॉक डाउन के दौरान निजी क्लीनिक, मेडिकल स्टोर आदि आवश्यक सेवाओं को खुला रखा जाना है। सोमवार को शहर के कई निजी क्लीनिकों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ का आलम यह रहा कि यहां पहुंचे लोगों ने मास्क तो लगा रखा था किंतु अपने नंबर के बीच कोई दूसरा नहीं आ जाए इसलिए सोश्यल डिस्टेंसिंग का पूरी तरह पालन ही नहीं किया। क्लीकि के बाहर इस तरह के नजारे सामने आ सकते हैं तो आम जनता दूसरी जगह क्या इसका पालन करती होगी। इस दौरान किसी भी क्लीनिक पर पुलिस का कोई जवान नजर नहीं आया तो इसे रोक सके।

### 81 केंद्र पर टीकाकरण

... टीका लगाया गया। बाल चिकित्सालय में सर्वाधिक 671 लोगों को टीके लगाए गए। सिविल ...

19 के लगाए गए। मंगलवार को बाल चिकित्सालय में 45 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति जन्म दिनांक ...

दूसरा टीका लगाया जाएगा। जबकि प्राइवेट अस्पतालों आरोग्य हॉस्पिटल श्रद्धा हॉस्पिटल गीता देवी हॉस्पिटल ...

### मेडिकल कॉलेज में निजी वाहन के जाने पर रोक

मेडिकल कॉलेज में निजी वाहन ले जाने पर रोक लगा दी गई है। अब अगर मरीज को लेकर जाना है तो एम्बुलेंस से ही ले जाना होगा। अगर समय रहते एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं हो तो इंतजार करना होगा, लेकिन निजी वाहन से नहीं जा सकेंगे। इतना ही नहीं, एक मरीज के साथ दो से अधिक सदस्य नहीं जा सकेंगे। इतना ही नहीं, अब तक मरीज की मौत पर आक्रोश व्यक्त होता था, वो भी नहीं किया जा सकेगा।कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपालचंद्र डाड ने शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश एवं बिना कारण इधर-उधर घूमते हुए मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय प्रबंधन की व्यवस्था में हस्तक्षेप करने, मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ के साथ अनावश्यक विवाद कर कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित करने आदि पर नियंत्रण करने के लिए एवं भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग ...

# मेडिकल कॉलेज में आईसीयू, ऑक्सीजन का बेड खाली नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज में सोमवार को आईसीयू, एचडीयू में एक भी बेड खाली नहीं था। 37 लोग ठीक होकर घर पहुंचे, 58 नए मरीज भर्ती किए। कॉलेज में अभी 461 मरीज भर्ती हैं।

जिले में बेड को लेकर मशक्कत जारी है । सोमवार को मेडिकल कॉलेज हाउसफुल रहा। आईसीयू में 56, एचडीयू में 172 मरीज भर्ती थे, सभी बेड फुल रहे। कॉलेज में 120 ऑक्सीजन बेड है, इनमें से एक भी खाली नहीं था। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 है, इसमें से 113 बेड पर मरीज भर्ती थे। कॉलेज में 461 मरीज भर्ती रहे। इनमें 292 पॉजिटिव थे।

### 6 पॉजिटिव मरीजों की मौत, 1 झाबुआ का

कॉलेज में सोमवार को 6 पॉजिटिव मरीज की मौत हो गई। इनमें 5 रतलाम के थे, वहीं 1 झाबुआ के थे। जिले में 233 लोगों ने सोमवार को कोरोना से जंग जीती। होम आइसोलेशन में रहने वाले 165 लोगों को डिस्चार्ज किया।

# शव देने में भी लगा रहे 9 घंटे, इंतजार में परिजन के आंसू तक सूख गए

## पॉलीथिन में पैक होने के बाद शव को दूर से देखते रहे परिजन क्योंकि मुक्तिधाम ले जाने वाले नहीं पहुंचे थे मेडिकल कॉलेज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज आए लोगों को सोमवार को खासा परेशान होना पड़ा। पॉजिटिव मरीजों की डायलिसिस सिर्फ रतलाम में हो रही है।

डायलिसिस के लिए नीमच से एम्बुलेंस में एक मरीज लेकर आए, लेकिन, उन्हें डेढ़ घंटे तक अंदर ही नहीं लिया, एम्बुलेंस कर्मचारी लगातार स्टाफ से गुहार लगाते रहे। मरीज तपती एम्बुलेंस में बैठे थे, क्योंकि पॉजिटिव होने से वे बाहर नहीं उतर सकते थे। उन्हें लघुशंका भी एम्बुलेंस में रखी बाल्टी में करना पड़ी। इधर, कॉलेज से शव परिजन को 9-10 घंटे बाद मिले। शव के इंतजार में परिजन के आंसू तक सूख गए। दर्द भरी दो कहानियां...

### 1 22 घंटे बाद दिया शव... निगेटिव के लिए एम्बुलेंस नहीं मिली, परिजन कार में रखकर मुक्तिधाम ले गए

**समय** - शाम 4.53 बजे

**स्थिति** - अस्पताल के पिछले हिस्से में पैक होकर तीन शव रखे हैं। शव के साथ जाने के लिए परिजन भवन के बाहर खड़े हैं। यहां आसपास शव ले जाने के लिए कोई वाहन नहीं है। नागदा से आए अमर ने बताया परिजन बसंती डामोर का निधन मेडिकल कॉलेज में हो गया। सुबह 7 बजे सूचना मिली, तभी से परिजन के साथ शव मिलने का इंतजार कर रहे हैं। थोड़ी देर में देंगे... थोड़ी देर में देंगे कहते हुए शाम के 5 बजा दिए। इधर, दंतोड़िया की लीलाबाई पाटीदार का निधन रविवार शाम 4 बजे हो गया था। भतीजे राज पाटीदार ने बताया सुबह शव देने का कहा। पहले तो दोपहर 1 बजे तक यहां-वहां घुमाते रहे फिर बोले बॉडी पैकिंग करने का सामान खत्म हो गया है दोपहर 2 बजे बॉडी मिलेगी। कहा निगेटिव वालों के लिए एम्बुलेंस नहीं है। ऐसे में कार की पिछली सीट पर शव रखकर त्रिवेणी मुक्तिधाम लेकर गए।



### 2 डायलिसिस... डेढ़ घंटे एम्बुलेंस में ही बैठे रहे

**समय** - शाम 4.44 बजे

**स्थिति** - कॉलेज के अस्पताल के गेट के बाहर एक एम्बुलेंस खड़ी है। एम्बुलेंस के पीछे नीमच के मरीज बैठे हैं, ड्राइवर और 108 का कर्मचारी दिलीप पाटीदार आगे बैठे हैं। दिलीप ने बताया नीमच के सभी मरीज की डायलिसिस रतलाम में होती है। ऐसे में मरीज को लेकर आए हैं, लेकिन, डेढ़ घंटे से कोई भी मरीज को अंदर लेने को तैयार नहीं है। इधर, एम्बुलेंस के पीछे का दरवाजा खोला तो, मरीज उठे और उन्होंने बताया डेढ़ घंटे से लघुशंका के लिए परेशान हो रहा हूं। लेकिन, कहां करें समझ नहीं आ रहा। कर्मचारी ने एम्बुलेंस में ही एक बाल्टी रखे होने की बात कहते हुए समाधान करवाया।



दै. भास्कर
27-4-2021

(3)

नईदुनिया
5 | इंदौर, मंगलवार 27 अप्रैल, 2021
www.naidunia.com

**न्यूज गैलरी**

### निकायों को दिए सफाई और सैनिटाइजेशन के निर्देश

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने नगरीय निकायों को वर्तमान परिस्थिति में निरंतर सहयोग के लिए तैयार रहने, नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। संक्रमित परिवारों से सामान्य अथवा बायोमेडिकल अपशिष्ट संग्रह की व्यवस्था अलग से करने को कहा जा रहा है। बायोमेडिकल अपशिष्ट के निपटान के लिए निकायों ने निजी इंसीनरेटर से अनुबंध किए हैं। जिन छोटे निकायों में इसकी व्यवस्था नहीं है, उन्हें भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार वैज्ञानिक पद्धति अपनाने को कहा है। - ब्यूरो

**दूसरे राउंड की तैयारी शुरू** • संक्रमण रोकने नगर निगम की 3 फायर लॉरी और 14 हैंड मशीन के साथ टीम जुटी

# 65 % शहर सैनिटाइज्ड, सोमवार को आठ इलाकों में छिड़काव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

27-4-2021

कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने प्रशासन के साथ नगर निगम का अमला भी हमकदम बना हुआ है। इसके लिए निगम 3 फायर लॉरी और 14 हैंड मशीनों से लगातार सैनिटाइजर का छिड़काव कर रहा है।

बीते 20 दिनों से चल रहे इस काम में अब तक 65 प्रतिशत शहर को सैनिटाइज्ड किया जा चुका है। इस सप्ताह बाकी इलाकों को सैनिटाइज्ड कर दिया जाएगा। सोमवार को शहर के 8 इलाकों के अलावा मेडिकल कॉलेज सहित 11 सरकारी कार्यालयों में सैनिटाइजर का छिड़काव किया। साथ ही सफाई के बाद नाले-नालियों व कचरा स्थानों पर कीटनाशक भी डाली जा रही है। इन सब के बीच निगम ने दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। सोडियम हाइपरक्लोराइड की खरीदी कर ली है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सफाई, ऑक्सीजन सिलेंडर की आपूर्ति, मेडिसिन किट बांटने के साथ सहित अन्य काम के साथ निगम सैनिटाइजर के छिड़काव पर फोकस किए हुए हैं। इसमें कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**इस तरह बनाया जा रहा सैनिटाइजर :** एक लाख लीटर पानी में एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर निगम सैनिटाइजर बना रहा है। इस तरह प्रतिदिन लगभग 10 से 12 लाख लीटर सैनिटाइजर छिड़का जा रहा है।

**नगर निगम लॉरी से लगभग 10 से 12 लाख लीटर सैनिटाइजर छिड़का जा रहा**



शास्त्रीनगर के भवनों को सैनिटाइज्ड करती फायर लॉरी।

• **फायर लॉरी से** - कोमल नगर, नयागांव मुख्य मार्ग, निराला नगर, अलकापुरी सी व डी सेक्टर, अलकापुरी मुख्य मार्ग, अलकापुरी, आईटीआई वाली रोड आदि।

• **हैंड मशीन** - मेडिकल कॉलेज, माइक्रो कंटेनमेंट एरिया, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम सहित अन्य सरकारी कार्यालय।

दै. भास्कर 27-4-2021

# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

## फायर लॉरी से किया सेनेटाईज

रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। फायर लॉरी से साक्षी पेट्रोल पम्प से अलकापुरी तक, जीत नगर, नयागांव, टैगोर कालोनी, अलकापुरी बी व डी सेक्टर, विनोबा नगर मुक्तिधाम, बिरियाखेड़ी, बाल सम्प्रेक्षण ग्रह सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से



मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

इन्दौर समाचार 27-4-2021

# ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लायी में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें : आयुक्त

## निगम आयुक्त द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय कार्य का निरीक्षण किया गया

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 27-4-2021



मेडिकल कॉलेज में उपचारत कोविड-19 के भर्ती मरीजों किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर कार्य की सतत् निगरानी रखी जा रही है जिसके तहत निगम आयुक्त झारिया द्वारा रात्री में मालवा व महावीर ऑक्सीजन पहुंचकर कार्य का अवलोकन किया।

### मानव हित के लिए आवश्यक

निगम आयुक्त झारिया ने इस अवसर पर ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लायी में निगम के नियुक्त कर्मचारी वाहनों के ड्रायवर आदि को निर्देशित किया कि यह शासकीय कार्य होने के साथ मानव हित का भी कार्य है इस हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें व समय पर ऑक्सीजन सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज पंहूचाये। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

27-4-2021

# ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें

**निगम आयुक्त द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय कार्य का निरीक्षण**

रतलाम ● मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के भर्ती मरीजों किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर कार्य की सतत् निगरानी रखी जा रही है जिसके तहत निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा रात्रि में मालवा व महावीर ऑक्सीजन पहुंचकर कार्य का अवलोकन किया। श्री झारिया ने इस अवसर पर ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय में निगम के नियुक्त कर्मचारी वाहनों के ड्रायवर आदि को निर्देशित किया कि यह शासकीय कार्य होने के साथ मानव हित का भी कार्य है इस हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें व समय पर ऑक्सीजन सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज पहुंचाएं। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।

27-4-21

# ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई में लापरवाही ना बरतें, आयुक्त ने किया निरीक्षण



रतलाम. मेडिकल कॉलेज में उपचारत कोविड-19 के भर्ती मरीजों किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर कार्य की सतत् निगरानी रखी जा रही है। जिसके अंतर्गत निगम आयुक्त झारिया द्वारा रात्री में मालवा व महावीर ऑक्सीजन पंहूचकर कार्य का अवलोकन किया। निगम आयुक्त झारिया ने इस अवसर पर ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय में निगम के नियुक्त कर्मचारी वाहनों के ड्रायवर आदि को सख्त रुप से कहा कि यह सिर्फ शासकीय कार्य नहीं बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य भी है इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें व समय पर ऑक्सीजन सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज पहुंचाए। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे। 27-4-2021